# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला(कांगड़ा)-176213

क्रमांकःहिशिबो(19)/C-I/Centre Creation/2024- 3163 दिनांकः- 27/08/24

## "अधिसूचना"

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा केन्द्र सृजन/उन्नयन/नवीनीकरण की प्रक्रिया एवं शुल्कों में संशोधन किया गया है तथा इस सन्दर्भ में बोर्ड वैबसाईट/विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से अधिसूचित करने के उपरान्त भी इस बारे बोर्ड कार्यालय में दूरभाष के माध्यम से बहुत अधिक पूछताछ की जा रही है, जिसमें से अत्यधिक दूरभाष केवल इस सन्दर्भ में प्राप्त हो रहे हैं कि क्या हमारे विद्यालय को मार्च, 2025 में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए केन्द्र अवधारण (Centre retention) हेतू आवेदन किया जाना है अथवा नहीं? इसके अतिरिक्त कई निजी संस्थानों द्वारा यह पूछताछ भी की जा रही है कि उनका विद्यालय पहले से ही परीक्षा केन्द्र है तो क्या इस स्थिति में उन्हें केन्द्र अवधारण हेतू आवेदन करना है?

इस सन्दर्भ में समस्त सरकारी एवं निजी संस्थानों के School login id में केन्द्र सृजन/उन्नयन/नवींनीकरण/अवधारण बारे online लिंक उपलब्ध करवाने के साथ-साथ इस से सम्बंधित नियम एवं शर्तें भी उपलब्ध करवाई गई हैं।

इसी क्रम में सरकारी विद्यालय के प्राधानाचार्यों/मुख्याध्यापकों को पुनः सूचित किया जाता है कि समस्त सरकारी विद्यालय जिनमें परीक्षा केन्द्र सृजित हैं, ऐसे विद्यालयों को भी मार्च 2025 के लिए केन्द्र सृजन/उन्नयन/नवींनीकरण/अवधारण के लिए centre creation/Up-Gradation/ Retention/Renewal link के अन्तर्गत केन्द्र अवधारण हेतू समस्त औपचारिकताओं सहित आवेदन करना अनिवार्य है।

जबकि समस्त निजी विद्यालय जिनमें परीक्षा केन्द्र सृजित हैं, को भी मार्च, 2025 में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतू centre creation/Up-Gradation/ Retention/Renewal link के अन्तर्गत समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए नए सिरे से केन्द्र सृजन के लिए आवेदन करना अनिवार्य है।

**नोटः- केन्द्र सृजन/उन्नयन/नवींनीकरण/अवधारण हेतू ऑनलाईन आवेदन करने उपरान्त किसी भी प्रकार के दस्तावेज दस्ती तौर पर अथवा डाक के माध्यम से बोर्ड कार्यालय को प्रेषित नहीं किये जाने हैं। केन्द्र सृजन के लिए आवेदन करने वाले विद्यालय सम्पूर्ण दस्तावेजों को निरीक्षण टीम को सौंपेगी जिसे निरीक्षण टीम द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट के साथ संचालन-1 शाखा को प्रेषित/अग्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।**

डॉ०(मेजर)विशाल शर्मा(हि.प्र.से)

सचिव